प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / **Question Booklet Serial No. : 101-**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**E**

**( ANNUAL / वार्षिक )**

# HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

**विषय कोड :**
**Subject Code : 101**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प **को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

E

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. "मदुरै पांडिय लोगों की दूसरी राजधानी है।" – यह कहाँ लिखा हुआ है ?

   (A) हिन्दी काव्य में (B) अंग्रेजी नाटक में

   (C) तुलनात्मक व्याकरण में (D) तमिल उपन्यास में

2. पाप्पाति बेहोश–सी क्यों पड़ी थी ?

   (A) गिर जाने के कारण (B) चोट लगने के कारण

   (C) डर के कारण (D) बुखार की तेज़ी के कारण

3. "मां को रखने का ठेका सिर्फ उसी ने तो नहीं ले रखा है।" – यह किसने कहा ?

   (A) कैलास ने (B) नारायण ने

   (C) बिज्जू ने (D) इनमें से कोई नहीं

4. 'नानकाना साहब' अब कहाँ है ?

   (A) हिन्दुस्तान में (B) पाकिस्तान में

   (C) नेपाल में (D) कजाकिस्तान में



BiharboardQuestionpaper.com

**E**

5. 'सोहिला' किनकी रचना है ?

(A) अनामिका की
(B) जीवनानंद दास की
(C) गुरु नानक की
(D) घनानंद की

6. सिखों के पाँचवें गुरु कौन थे ?

(A) गुरु नानक
(B) गुरु अंगद
(C) गुरु अमरदास
(D) गुरु अर्जुनदेव

7. "डंड कमंडल सिखा सूत धोती तीरथ गवनु अति भ्रमनु करै ।" यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से उद्धृत है ?

(A) राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा
(B) स्वदेशी
(C) भारतमाता
(D) जनतंत्र का जन्म

8. गुरु नानक के किस पद में राम-नाम के कीर्तन पर बल दिया गया है ?

(A) द्वितीय पद
(B) प्रथम पद
(C) तृतीय पद
(D) इनमें से कोई नहीं

9. 'पिछानी' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) उपाय
(B) सोना
(C) पहचानी
(D) जीव



BiharboardQuestionpaper.com

10. निम्न में से कौन कवि पठान राजवंश में उत्पन्न हुए थे ?

(A) गुरू नानक (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (D) रसखान

11. भीमराव अंबेदकर किसके प्रोत्साहन पर उच्चतर शिक्षा के लिए न्यूयार्क गए ?

(A) इन्दौर नरेश के (B) बड़ौदा नरेश के

(C) मेवाड़ नरेश के (D) राजकोट नरेश के

12. 'द अनटचेबल्स' किनकी रचना है ?

(A) महात्मा गाँधी की (B) यतीन्द्र मिश्र की

(C) भीमराव अंबेदकर की (D) रामविलास शर्मा की

13. 'विष के दाँत' शीर्षक पाठ किस कहानी संग्रह से लिया गया है ?

(A) जिंदगी और जोंक (B) मौत का नगर

(C) मित्र-मिलन (D) विष के दाँत तथा अन्य कहानियाँ



BiharboardQuestionpaper.com

14. सशक्त कथाकार अमरकांत का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1925 ई० (B) 1922 ई०

(C) 1920 ई० (D) 1923 ई०

15. यह किसने कहा कि – "ग्यारह रुपए साड़ी के खूँट से निकालकर यहीं चारपाई पर रखे .......... पर वे मिल नहीं रहे हैं ............"?

(A) लेखक की पत्नी ने (B) रिश्तेदार की पत्नी ने

(C) लेखक की माँ ने (D) इनमें से कोई नहीं

16. लेखक रामविलास शर्मा को उनकी किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(A) निराला की साहित्य साधना (B) बड़े भाई

(C) भारत की भाषा समस्या (D) भाषा और समाज

17. 'यथेष्ट' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) अधिकार (B) पर्याप्त

(C) विकास (D) निराशा

18. रंगकर्म की पत्रिका 'नटरंग' की सम्पादक निम्न में से कौन थीं ?

(A) किरण मजूमदार (B) लता दत्ता

(C) रश्मि वाजपेयी (D) वंदना राज



BiharboardQuestionpaper.com

19. पंडित बिरजू महाराज कानपुर में कितने साल रहे ?

(A) तीन साल
(B) एक साल
(C) साढ़े तीन साल
(D) दो–ढाई साल

20. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना अशोक वाजपेयी की है ?

(A) कविता का जनपद
(B) नौकर की कमीज
(C) सौर मंडल
(D) अक्षर कथा

21. 'इच्छा' शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्न में से कौन है ?

(A) प्रसन्नता
(B) अद्भुत
(C) कामना
(D) सहकार

22. 'गृहस्थ' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) स्थावर
(B) शिष्टाचार
(C) त्याज्य
(D) संन्यासी

23. 'जो नहीं हो सकता' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) असंभव
(B) भावी
(C) अदृश्य
(D) दुराग्रह



BiharboardQuestionpaper.com

24. 'चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) घबराना

(B) बड़ी कोशिश करना

(C) अधिक घमंड करना

(D) अपमानजक बात करना

25. 'इंद्र' का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

(A) पट

(B) महेंद्र

(C) वसन

(D) चीर

26. 'नमक' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पाथेय

(B) पाक्षिक

(C) नमकीन

(D) पतित

27. 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है ?

(A) खूब लाभ होना

(B) निरक्षर

(C) तंग करना

(D) श्रेष्ठ समझना



BiharboardQuestionpaper.com

28. 'राम खाता होगा ।' यह किस काल का उदाहरण है ?

(A) सामान्य वर्तमान
(B) संभाव्य वर्तमान
(C) संदिग्ध वर्तमान
(D) पूर्ण वर्तमान

29. 'गिरोह' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) द्रव्यवाचक
(B) भाववाचक
(C) जातिवाचक
(D) समूहवाचक

30. 'गवैया' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) वैया
(B) या
(C) ऐया
(D) वया

31. 'पेड़ से पत्ते गिरे ।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान कारक का
(B) संबंध कारक का
(C) अधिकरण कारक का
(D) अपादान कारक का



BiharboardQuestionpaper.com

32. सर्वनाम के कुल कितने भेद होते हैं ?

(A) छह
(B) सात
(C) आठ
(D) नौ

33. 'ऐसा न हो कि कोई आ जाए ।' यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) संबंधवाचक सर्वनाम
(D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

34. जो संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा
(B) क्रिया
(C) विशेषण
(D) लिंग

35. 'सेर भर दूध ।' यह किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक विशेषण
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) प्रविशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण



BiharboardQuestionpaper.com

36. निम्नांकित वाक्यों में कौन वाक्य अशुद्ध है ?

(A) आप कहाँ पर रह रहे हैं ।

(B) पैदल चलकर आने में देर होना स्वाभाविक था ।

(C) बिना अच्छे वेतन के काम नहीं होगा ।

(D) हमारे प्रदेश की जनता शांत है ।

37. निम्न में तद्भव शब्द कौन है ?

(A) प्रिय

(B) मोर

(C) पुष्प

(D) चत्वारि

38. बनावट के विचार से शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो

(B) चार

(C) तीन

(D) पाँच

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

39. ऐसे शब्द जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंड सार्थक होते हैं, क्या कहलाते हैं ?

(A) रूढ़ शब्द

(B) मूल शब्द

(C) यौगिक शब्द

(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

40. उस शब्दांश या अव्यय को क्या कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है ?

(A) उपसर्ग (B) प्रत्यय

(C) लिंग (D) वचन

41. बिरजू महाराज का जन्म लखनऊ के किस अस्पताल में हुआ ?

(A) मेदांता (B) शुभम

(C) मिडलैंड (D) जफरीन

42. लैटिन कवि वर्जिल पर किसने एक बड़ी अच्छी कविता लिखी थी ?

(A) अंग्रेज कवि टेनीसन (B) हिंदी कवि प्रेमघन

(C) गुरु नानक (D) रेनर मारिया रिल्के

43. 'सिक्थक' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) पानी (B) रंग

(C) मोम (D) नाखून



BiharboardQuestionpaper.com

44. 'दही वाली मंगम्मा' शीर्षक कहानी किस कहानी से साभार ली गयी है ?

(A) 'गुजराती कहानियाँ' से
(B) 'तमिल कहानियाँ' से
(C) 'उड़िया कहानियाँ' से
(D) 'कन्नड़ कहानियाँ' से

45. अवलूर के पास किसी गाँव की रहनेवाली निम्न में से कौन है ?

(A) मंगम्मा
(B) लेखक
(C) लक्ष्मी
(D) मुखिया

46. बारिश होते देख किसे लग रहा था जैसे इस बार भी बाढ़ आयेगी ?

(A) रानी को
(B) लक्ष्मी को
(C) आरती को
(D) राधा को

47. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का क्या नाम है ?

(A) ईश्वर पेटलीकर
(B) श्रीनिवास
(C) सातकोड़ी होता
(D) सुजाता

48. तीन गोरे निष्णात डॉक्टरों ने एकमत होकर मंगु के पागलपन का क्या निदान प्रकट किया ?

(A) इलाज संभव है
(B) कुछ कहा नहीं जा सकता
(C) पागलपन मिटाना संभव नहीं
(D) इलाज की आवश्यकता नहीं है



BiharboardQuestionpaper.com

49. मंगु किस समय से पागल थी ?

(A) जन्म से (B) एक वर्ष से

(C) तीन वर्ष से (D) दो वर्ष से

50. लेखक सुजाता रचित कहानी का नाम क्या है ?

(A) माँ (B) नगर

(C) ढहते विश्वास (D) धरती कब तक घूमेगी

51. कवि रसखान को 'पुष्टिमार्ग' में दीक्षा किसने दी ?

(A) गोस्वामी विट्ठलनाथ (B) गोस्वामी पुरुषोत्तम लाल

(C) गोविन्द स्वामी (D) चतुर्भुजदास

52. किनकी रचनाओं से मुग्ध होकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कहा था –"इन मुसलमान हरिजनन पै, कोटिन हिन्दू वारिये।" ?

(A) घनानंद की (B) रसखान की

(C) सुमित्रानंदन पंत की (D) रामधारी सिंह 'दिनकर' की

53. कवि घनानंद का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1687 ई० (B) 1688 ई०

(C) 1689 ई० (D) 1690 ई०



BiharboardQuestionpaper.com

54. घनानंद किसके सैनिकों द्वारा मारे गये ?

(A) बहादुरशाह जफर के
(B) औरंगजेब के
(C) जहाँगीर के
(D) नादिरशाह के

55. 'भारत सौभाग्य' नाटक किसकी रचना है ?

(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(B) रसखान
(C) घनानंद
(D) कुँवर नारायण

56. "मनुज भारती देखि कोउ, सकत नहीं पहिचान" – यह पंक्ति किस कविता से है ?

(A) भारतमाता
(B) स्वदेशी
(C) अक्षर ज्ञान
(D) हमारी नींद

57. बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' ने किस मासिक पत्रिका का संपादन किया ?

(A) सरस्वती
(B) इन्दु
(C) आनंद कादंबिनी
(D) हिन्दी प्रदीप

58. 'ग्राम्या' किसकी रचना है ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) घनानंद
(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(D) सुमित्रानंदन पंत



BiharboardQuestionpaper.com

59. सुमित्रानंदन पंत के पिता का नाम क्या था ? biharboardquestionpaper.com

(A) गंगादत्त पंत (B) हरिदत्त पंत

(C) हरिशरण दत्त पंत (D) शिवदत्त पंत

60. रामधारी सिंह 'दिनकर' के पिता का नाम क्या था ?

(A) शिवराज सिंह (B) रवि सिंह

(C) काशीनाथ सिंह (D) रामराज सिंह

61. रोन नदी कहाँ है ?

(A) अमेरिका में (B) दक्षिण फ्रांस में

(C) कनाडा में (D) चीन में

62. विनोद कुमार शुक्ल को किस वर्ष साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ?

(A) 1989 ई० (B) 1988 ई०

(C) 1990 ई० (D) 1991 ई०

63. झोले में कितनी मछलियाँ थीं ?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन



BiharboardQuestionpaper.com

**E**

64. "भइया ! मछली अभी कट जाएगी ।" – यह किसने पूछा ?

(A) संतू ने
(B) भग्गू ने
(C) दीदी ने
(D) माँ ने

65. गीतकार गुलजार की कविताओं का संपादन यतींद्र मिश्र ने किस नाम से किया ?

(A) यदा-कदा
(B) यार जुलाहे
(C) अनमोल विचार
(D) गिरिजा

66. अमीरुद्दीन के बड़े भाई का नाम क्या था ?

(A) अलीबख्श
(B) सादिक हुसैन
(C) शम्सुद्दीन
(D) मुजफ्फर अली

67. बिस्मिल्ला खाँ कौन-सा वाद्य-यंत्र बजाते थे ?

(A) ढोलक
(B) तबला
(C) बाँसुरी
(D) शहनाई

68. किस स्थान पर मरण भी मंगल माना गया है ?

(A) काशी में
(B) पटना में
(C) राँची में
(D) रायपुर में



BiharboardQuestionpaper.com

69. गाँधीजी को किसने 'महात्मा' कहा ?

(A) विपिनचंद्र पाल ने (B) रवींद्रनाथ टैगोर ने

(C) बाल गंगाधर तिलक ने (D) कस्तूरबा गाँधी ने

70. "कोई संस्कृति इतने रत्न-भण्डार से भरी हुई नहीं है जितनी हमारी अपनी संस्कृति है ।"

यह कथन किसका है ?

(A) भीमराव अंबेदकर (B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(C) महात्मा गाँधी (D) इनमें से कोई नहीं

71. 'चिंता' किसकी रचना है ?

(A) गुरु नानक

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(D) अनामिका



BiharboardQuestionpaper.com

72. 'दूर से ही कौन ललकारता' है ? 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता के अनुसार चिह्नित करें ।

(A) पत्ते (B) फूल

(C) फल (D) वृक्ष

73. "उसका 'ख' खरगोश की खालिस बेचैनी में ।" – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) अक्षर-ज्ञान (B) हमारी नींद

(C) लौटकर आऊँगा फिर (D) मेरे बिना तुम प्रभु

74. "मेरे बिना तुम प्रभु" शीर्षक कविता किसको संबोधित है ?

(A) पड़ोसी को (B) साधु को

(C) भक्त को (D) प्रभु को

75 "अंगरेजी बाहन, बसन, वेष रीति औ नीति ।" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) स्वदेशी (B) मेरे बिना तुम प्रभु

(C) हिरोशिमा (D) भारतमाता



BiharboardQuestionpaper.com

76. एक ध्वनि जब दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) युग्मक ध्वनि (B) संपृक्त ध्वनि

(C) संयुक्त ध्वनि (D) इनमें से कोई नहीं

77. 'भ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) तालु

(C) ओष्ठ (D) मूर्द्धा

78. उच्चारण में वायुप्रक्षेप की दृष्टि से व्यंजन के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन (B) चार

(C) एक (D) दो

79. 'जगदानंद' शब्द का संधि-विच्छेद निम्न में से कौन है ?

(A) जगत् + आनंद (B) जगदा + नंद

(C) जग + दानंद (D) ज + गदानंद

80. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रशंसा (B) द्रविभूत

(C) अर्चना (D) निवृत्ति





BiharboardQuestionpaper.com

81. 'संग्रह' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) स
(B) सम्
(C) सं
(D) संग

82. 'सप्ताह' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) सप्ताहिन
(B) सप्ताहु
(C) साप्ताहिक
(D) सप्ताही

83. 'दर्शनीय' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) य
(B) नय
(C) नीय
(D) अनीय

84. 'शरणागत' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष समास
(B) द्वंद्व समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) अव्ययीभाव समास

85. 'ध्यान में मग्न ( साधक )' - यह कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा-पदबंध
(B) विशेषण-पदबंध
(C) सर्वनाम-पदबंध
(D) क्रिया-पदबंध



BiharboardQuestionpaper.com

86. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

87. 'हमारे जवानों को देखकर दुश्मन भाग गए ।' यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

88. 'माँ ने बच्चे को सुलाया ।' यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण कारक (B) अपादान कारक

(C) संबंध कारक (D) कर्म कारक

89. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन मिश्र वाक्य है ?

(A) मैं खाना खा चुका, तब वह आया (B) पानी बरसा

(C) बिजली चमकती है (D) हम खा चुके

90. 'निधड़क' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु समास (B) अव्ययीभाव समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) द्वंद्व समास



BiharboardQuestionpaper.com

**E**

91. निम्नलिखित चिह्नों में प्रश्नवाचक चिह्न कौन है ?

(A) ?  (B) ।

(C) -  (D) ,

92. निम्न भाषाओं में से किस भाषा को देवनागरी लिपि में लिखते हैं ?

(A) अंग्रेजी  (B) पंजाबी

(C) बांग्ला  (D) हिंदी

93. निम्न में से व्यक्तिवाचक संज्ञा कौन है ?

(A) बहन  (B) मित्रता

(C) घर  (D) दीवाली

94. 'प्रवेश' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग  (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग  (D) इनमें से कोई नहीं

95. 'दाता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) दाती  (B) दात्री

(C) दातृ  (D) दिति



BiharboardQuestionpaper.com

96. निम्न में से तत्सम शब्द कौन है ?

(A) नीम (B) कुआँ

(C) आम्र (D) दूध

97. 'भाग्यवान्' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) भागवानी (B) भाग्यविनी

(C) भाग्यविन (D) भाग्यवती

98. कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) आठ (B) छह

(C) सात (D) पाँच

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

99. कर्ताकारक की विभक्ति चिह्न क्या है ?

(A) से (B) ने

(C) को (D) में

100. वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) अपादान (B) संबोधन

(C) कर्म (D) करण



BiharboardQuestionpaper.com

E

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। biharboardquestionpaper.com 5 × 2 = 10

(क) अक्रूर का रथ दोपहर में यमुना तट पर पहुँचा। कृष्ण की अनुमति से अक्रूर ने पवित्र यमुना जल में स्नान किया। मुख-प्रक्षालन करके वे यमुना जल में प्रविष्ट हुए। उन्होंने डुबकी लगाई और ईश्वर का चिंतन करने लगे। जल में उन्होंने देखा कि श्री बलराम एक सहस्र सर्पमुखों से युक्त हैं, उन्होंने पीताम्बर तथा रत्न जड़ित मालाएँ धारण की हुई हैं। शेषजी की गोद में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान हैं जिनमें भगवान विष्णु के सभी चिह्न विद्यमान हैं और ऋषि, मुनि उनकी अर्चना कर रहे हैं। अक्रूर को आश्चर्य हुआ कि वे दोनों इतना जल्दी वहाँ कैसे आ गए। जल की सतह से ऊपर उठकर उन्होंने देखा कि कृष्ण और बलराम रथ पर आसीन हैं। जल के दृश्य का अनुभव करते हुए वे भगवान कृष्ण की प्रशंसा करने लगे।

(i) अक्रूर का रथ किस समय यमुना तट पर पहुँचा ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) अक्रूर ने कहाँ स्नान किया ?

(iii) जल में अक्रूर ने क्या देखा ?

(iv) ऋषि, मुनि किनकी अर्चना कर रहे थे ?

(v) जल की सतह से ऊपर उठकर अक्रूर जी ने क्या देखा ?

(ख) आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है, जो मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है । इसका मुख्य कारण राजनीतिक स्वार्थ, सत्ता लोलुपता और धार्मिक कट्टरता है, जो आतंकवादियों को उत्पन्न करते हैं । यह एक विचारशीलता की प्रणाली है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और अल-कायदा जैसे संगठन शामिल हैं । आतंकवाद ने दुनिया भर में घातक प्रभाव छोड़ा है । इसने सामरिक और नागरिक लक्ष्यों के साथ सभ्य समाज, आर्थिक संरचना और सामरिक संगठनों को प्रभावित किया है । आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सुरक्षा एजेंसियाँ विशेषज्ञता विकसित कर रही हैं, लेकिन यह एक



BiharboardQuestionpaper.com

E

समस्या के रूप में चुनौतीपूर्ण है जिसका समाधान केवल सुरक्षा के उपायों से नहीं हो सकता है । आतंकवाद को रोकने के लिए सामरिक, सामाजिक और आर्थिक उपाय अपनाने की जरूरत है ।

(i) मानवता के लिए महत्त्वपूर्ण चुनौती क्या है ?

(ii) आतंकवादियों के उत्पन्न होने के कारण क्या हैं ?

(iii) गद्यांश में उल्लिखित आतंकवादी संगठनों के नाम लिखें ।

(iv) आतंकवाद ने दुनिया भर में कैसा प्रभाव छोड़ा है ?

(v) आतंकवाद को रोकने के लिए कैसे उपाय अपनाने की जरूरत है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । $5 \times 2 = 10$

(क) हम जीवन में सुख-समृद्धि के साथ ज्ञान, शांति और कीर्ति भी चाहते हैं । ये चीजें तभी मिल सकती हैं जब हम इनको पाने के लिए अपने समय के एक-एक क्षण को बहुमूल्य मानकर उसका सदुपयोग करें तथा निरंतर परिश्रम करते रहें । यह तभी संभव होगा, जब हम अपने समय का सही विभाजन और नियोजन कर लें, क्योंकि समय



BiharboardQuestionpaper.com

सीमित है और करने के लिए काम अनंत हैं । जो काम आवश्यकता और महत्त्व की दृष्टि से पहले पूरे करने के हैं, उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए । सभी कामों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य और प्रबल इच्छाशक्ति होनी चाहिए । अतएव जहाँ एक ओर हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजगता बरतनी चाहिए, वहीं अपना संकल्प भी ऊँचा बनाए रखना चाहिए ।

(i) हम जीवन में क्या चाहते हैं ?

(ii) अपने समय के एक-एक क्षण को क्या मानना चाहिए ?.

(iii) समय का विभाजन और नियोजन करना क्यों आवश्यक है ?

(iv) किस तरह के कामों को प्राथमिकता देनी चाहिए ?

(v) हमें किसके प्रति सजगता बरतनी चाहिए ?

(ख) स्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे । उनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था । उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 ई० में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था । भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के



BiharboardQuestionpaper.com

हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द के वक्तृता के कारण ही पहुँचा । उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी । वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे । स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है ।

(i) स्वामी विवेकानन्द किसके आध्यात्मिक गुरु थे ?

(ii) स्वामी विवेकानन्द का वास्तविक नाम क्या था ?

(iii) स्वामी विवेकानन्द ने किस वर्ष भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया ?

(iv) भारत का वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में कैसे पहुँचा ?

(v) स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन को किस दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250 - 300 शब्दों में निबंध लिखें : $1 \times 10 = 10$

(क) वसंत ऋतु

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) ऋतुओं का राजा

(iv) उपसंहार



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) प्रिय खेल : फुटबॉल

(i) भूमिका

(ii) तैयारी

(iii) खिलाड़ियों की सख्या

(iv) दृश्य

(v) उपसंहार

(ग) पानी की बचत

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) उपाय

(iv) लाभ

(v) उपसंहार



BiharboardQuestionpaper.com

(घ) पर्यावरण दिवस

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) आवश्यकता

(iv) लाभ

(v) निष्कर्ष

(ङ) कम्प्यूटर

(i) भूमिका

(ii) आवश्यकता

(iii) लाभ

(iv) हानि

(v) निष्कर्ष

4. अपने प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें विद्यालय की साफ–सफाई करवाने का निवेदन किया गया हो । 5

**अथवा**

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम के महत्त्व के बारे में दो छात्रों के बीच हुए संवाद को लिखें ।



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **20 - 30** शब्दों में दें : $5 \times 2 = 10$

(i) लेखक अमरकांत को क्यों लगता है कि नौकर रखना बहुत जरूरी हो गया है ?

(ii) बहुजातीय राष्ट्र की हैसियत से कोई भी देश भारत का मुकाबला क्यों नहीं कर सकता ?

(iii) 'मेरे बिना तुम प्रभु' शीर्षक कविता के अनुसार भक्त और भगवान के बीच के संबंध को लिखें ।

(iv) बढ़ते नाखूनों द्वारा प्रकृति मनुष्य को क्या याद दिलाती है ? 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' शीर्षक पाठ के अनुसार लिखें ।

(v) गाँधीजी बढ़िया शिक्षा किसे कहते हैं ? 'शिक्षा और संस्कृति' पाठ के अनुसार लिखें ।

(vi) गुरु की कृपा से किस युक्ति की पहचान हो पाती है ?

(vii) परहित के लिए देह कौन धारण करता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(viii) मंगु के प्रति माँ और परिवार के अन्य सदस्यों के व्यवहार में जो फर्क है उसे अपने शब्दों में लिखें ।

(ix) बहू ( नंजम्मा ) ने सास को मनाने के लिए कौन-सा तरीका अपनाया ?

(x) सीता अपने घर में घुटन क्यों महसूस करती है ?



BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें ।

( शब्द सीमा लगभग **100** ) : 1 × 5 = 5

(i) व्याख्या करें :

"अगर वह कुछ चुराकर ले गया होता तो संतोष हो जाता ।"

(ii) व्याख्या करें :

"सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है ।"

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com